Selection of Site for Narora Atomic Plant

2368. SHRI RAOOF VALIULLAH: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the site selected for Narora Atomic Plant was wrong and whether the same is in cosmic zone;

(b) whether the people of Bulandshahr in U.P. demonstrated for the plant's closure and have the employees voiced concern of the plant going critical this year;

(c) what was the report of the Vengurlaker site selection committee and the results of geological tests carried out at the site; and

(d) what is the total investment in the NAPP so far and whether adequate precautions have been taken to prevent radiation leaks and if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF OCEAN DEVELOPMENT, ATOMIC ENERGY, ELECTRONICS AND SPACE (SHRI K. R. NARAYANAN): (a) No, Sir. Narora is a site suitable for locating an Atomic Power Station though it is in the seismic zone.

(b) Some section of population around the project have demanded closure of this Plant. The employees have not voiced any concern on the Plant going critical this year.

(c) Vengurlakar Committee recommended siting of Atomic Power Station at Narora which is specially designed to take into account the results of geological tests carried out at the site.

(d) Total investment in Narora Atomic Power Plant till January 1988 is approximately Rs. 450.90 crores. Adequate measures are inbuilt in the design of the NAPP to prevent radiation leaks.

हिन्दी तथा अंग्रेजी टंककों और आशुलिपिकों का चयन

2369. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न मंत्रालय और विभाग संघ लोक सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग द्वारा भरी जाने वाली अपनी रिक्तियों की मांग कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग को भेज देते हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह मांग राजभाषा अधिनियम के उपबन्धों के अधीन विभिन्न क्षेत्रों के लिए निश्चित किए गए कोटे के अनुसार भेजी जाती है; और

(ग) यदि हां, तो उपयुक्त आयोगों द्वारा 1984 से 1986 तक की अवधि के दौरान चयन किए गए हिन्दी और अंग्रेजी के टंककों और आशुलिपिकों की अलग-अलग संख्या कितनी है ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) जहां तक आशुलिपिकों का संबंध है, ये रिक्तियां केन्द्रीय सचिवालय योजना में शामिल मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय को सूचित की जाती है । उक्त योजना के अन्तर्गत न आने वाले पदों की रिक्तियां संबंधित मंत्रालयो/विभागो द्वारा सीधे ही संघ लोक सेवा आयोग तथा कर्मचारी चयन आयोग को सूचित कर दी जाती है ।

(ख) राजभाषा अधिनियम में भर्ती के मामले में भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के लिए कोटे का निर्धारण किए जाने का कोई प्रावधान नही हैं ।